प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 29.10.2024**

**मुख्य समाचारः–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिलासपुर में सिम्स के सुपर स्पेशएलिटी ब्लॉक और रायपुर में केन्द्रीय योग संस्थान के साथ देशभर में स्वास्थ्य से जुड़ी करीब तेरह हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इंक्यावन हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।
- सुकमा जिले के अलग–अलग स्थानों से सुरक्षा बलों ने उन्नीस माओवादियों को किया गिरफ्तार।
- शराब घोटाले के सिलसिले में ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ ठिकानों में आज छापे मारे।

**प्रधानमंत्री–स्वास्थ्य परियोजना–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में लगभग बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन भी शामिल है। इसे दो सौ करोड़ रूपए की लागत से बनाया गया है।

वहीं, प्रधानमंत्री ने रायपुर में बनने वाले सौ बिस्तर के केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास भी किया। इस संस्थान का निर्माण नब्बे करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा, जो गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, प्रीडायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम और गठिया बीमारी के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए देश के जिन ग्यारह स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित सेवाओं का शुभारंभ किया, उनमें रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स भी शामिल है। ये परियोजनाएं न केवल लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेंगी, बल्कि ड्रोन तकनीक के अभिनव उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएंगी।

**प्रधानमंत्री–स्वास्थ्य परियोजना–02**

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारंभ किया। इससे हर आय वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बिलासपुर कोनी में सिम्स के नव निर्मित दो सौ बिस्तरों वाले मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। इस

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल से बिलासपुर और सरगुजा संभाग के मरीजों को लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए रायपुर नहीं आना पड़ेगा।

**प्रधानमंत्री–रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इंक्यावन हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की पांच सौ शीर्ष कंपनियों में युवाओं के लिए पेड इंटर्नशिप की पहल की है। युवाओं को अनुभव और अवसर उपलब्ध्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

आज हर सेक्टर के उद्योगों को बढावा मिल रहा है। इसे अलग–अलग फील्ड के युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं। आज देश में भारी निवेश हो रहा है और रिकॉर्ड अवसर बन रहे हैं।

**उपचुनाव–नामवापसी**

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत नाम वापस लेने का कल अंतिम दिन है। इससे पहले, कल सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। छियालीस उम्मीदवारों में से कुल चौंतीस उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं। आज तीन प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस तरह से अभी इकतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस बीच, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ दक्षिण विधानसभा के विभिन्न मार्गों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगा।

**मतदाता सूची–संक्षिप्त पुनरीक्षण**

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत आज निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। जिसके लिए आयोग ने दावा–आपत्ति अट्ठाईस नवम्बर तक मंगाई है। आगामी जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख को अट्ठारह वर्ष पूर्ण कर रहे युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए नौ और दस नवंबर तथा सोलह और सत्रह नवंबर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। पात्र लोग वोटर्स हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छह जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**माओवादी–गिरफ्तार**

सुकमा जिले के भेज्जी और जगरगुण्डा थाना क्षेत्र में अलग–अलग मामलों में संलिप्त उन्नीस माओवादियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों में से तीन पर एक–एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। पांच माओवादियों को भेज्जी थाना क्षेत्र से और चौदह माओवादियों को जगरगुण्डा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इन माओवादियों के पास से जिलेटिन राड, कोडेक्स वायर और डेटोनेटर सहित विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। भेज्जी से गिरफ्तार माओवादी जनमिलिशिया सदस्य के रूप में दस वर्षों से ज्यादा समय से यहां सक्रिय थे।

**ईडी–छापा**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में शराब घोटाले के सिलसिले में एक साथ छापेमारी की है। इस कार्रवाई के तहत रायपुर स्थित एक होटल कारोबारी के यहां आज सुबह छापा मारा गया। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में ईडी की टीम ने रांची में झारखंड के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और

उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव सहित अन्य अधिकारियों और उनके करीबी रिश्तेदारों के ठिकानों पर भी छापेमारी की।

**रन फॉर यूनिटी**

भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज देशभर सहित प्रदेश में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ में शामिल हुए और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई।

**धनतेरस**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धनतेरस का त्यौहार आज पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस के साथ ही आज से पांच दिनों तक चलने वाला दीपावली का पर्व शुरू हो गया है। आज के दिन धन वृद्धि के लिए कुबेर और स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद के देवता धनवंतरि की पूजा की जाती है। धनतेरस का पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन मनाया जाता है। आज प्रदेशभर के बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है।

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने आज अपने निवास कार्यालय में आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के निरोगी और सुखमय जीवन की कामना की।

**ठगी–अंतर्राज्यीय गिरोह**

मुंगेली पुलिस ने पन्द्रह लाख रूपए की ऑनलाईन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के एक महिला सहित तीन सदस्यों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चार लाख बीस हजार रूपये नगद और छह मोबाइल फोन जब्त किये गये है। ठग गिरोह में शामिल पति–पत्नी फर्जी पता और नकली आई.डी. दिखाकर कई बैंकों में खाता खुलवा चुके थे। वे फर्जी सिमकार्ड से फोन कर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

**करंट–मौत**

मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप में झालर लाईट लगाते हुए हाईटेशन तार की चपेट में आने से चार व्यक्ति झुलस गए। इनमें से तीन नाबालिग युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज सिम्स में किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

**संक्षिप्त समाचार–**

- राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का तबादला किया है।
- जनसम्पर्क संचालनालय में नव पदस्थ आयुक्त डॉक्टर रवि मित्तल ने कल कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।
- रायपुर रेंज के साइबर थाने की टीम ने शेयर ट्रेडिंग और क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को पश्चिम बंगाल, रायपुर और महासमुंद से गिरफ्तार किया है। इनके पास से दस वाहन, एटीएम कार्ड और सिम जब्त किए गए हैं। ये आरोपी चालीस चालू बैंक खातों को संचालित कर रहे थे।

- कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने नकली नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पांच सौ के दो सौ दस नोट कुल एक लाख पांच हजार रूपये के नकली नोट बरामद किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>